दिनांक : 14.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## प्रधानमंत्री–राष्ट्रीय सम्मेलन

नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। इसमें राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई का प्रारूप तैयार करने और उसे लागू करने पर ध्यान दिया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य सहकारी संघवाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को और मजबूत करना और तेज वृद्धि और विकास हासिल करने के लिए बेहतर सहयोग सुनिश्चित करना है।

## मुख्यमंत्री उदघाटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शहडोल में नव निर्मित सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का लोकार्पण किया। बाणसागर डैम के बैक वॉटर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क और मैहर आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक विशेष सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो प्राकृतिक खूबसूरती गोवा या अन्य जगहों पर देखते हैं, ऐसी ही खूबसूरत जगहें मध्यप्रदेश में भी मौजूद हैं। सरसी आइलैंड रिजॉर्ट यहां की अनदेखी सुंदरता को दुनियाभर में प्रसिद्ध करने का महत्वपूर्ण कदम होगा।

इको–सर्किट परियोजना के तहत बना यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा आइलैंड रिसॉर्ट होगा, जो करीब 23 एकड़ में फैला है।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनकल्याण पर्व अंतर्गत मऊगंज जिला मुख्यालय पर आयोजित अक्षयपात्र समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री, बच्चों को पोषण किट एवं छात्रवृत्ति के वितरण के साथ 54

विकास कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे।

कार्यशाला

भोपाल में एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा 'खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी कम करने" पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इस श्रृंखला में भोपाल के बाद जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में भी नगर स्तरीय नीतिगत संवाद आयोजित करने की कार्य योजना बनाई गई है। भोपाल नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने कहा कि "खाद्य हानि और भोजन की बर्बादी आज हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। आपूर्ति श्रृंखला में भोजन की हानि को कम करना भोपाल नगर निगम के लिए एक मुख्य प्राथमिकता है।

विधेयक – एक राष्ट्र, एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में पेश किये जाने का कार्यक्रम है। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। एक राष्ट्र एक चुनाव का सिद्धांत दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाएंगे जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव आम चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराये जाएंगे।

रिज़र्व बैंक–कृषि ऋण

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृ षि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हो रहा है। जबलपुर में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

- बर्फीली हवाओं की वजह से नर्मदापुरम में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। नर्मदापुरम में सर्द हवाओं की वजह से स्कूलों के खुलने के समय में बदलाव किया गया है।
- मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आगरमालवा में प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित जनकल्याण प्रदर्शनी का कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कल शुभारम्भ किया।
- बुरहानपुर जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2 से 18 दिसंबर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चल रहा है। जिले में 553 सर्वेक्षण दल अभियान में लगे हुए हैं।

..........................